तापमान

भोपाल	24.0°	26.0°
इंदौर	23.0°	27.0°
जबलपुर	24.0°	28.0°
ग्वालियर	26.0°	29.0°
सागर	23.0°	26.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 270, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, कृष्ण प्रथमा संवत् 2083
शनिवार, 29 अगस्त 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... संतों के आशीर्वाद से मिलती है सद्कार्य की प्रेरणा ...

खेल... पीएमओ की ओलंपिक पोस्ट पर विनेश ने उठाये ...

व्यापार... देश में जारी रहेगी ई20 पेट्रोल की बिक्री, ई10 ...

देश-विदेश... अमेरिका भागवत के कार्यक्रम के आयोजकों का...

मौतों और लापता का बढ़ सकता है आंकड़ा...

नेपाल आपदा पर बचाव व राहत कार्य जारी

विदेशी रेस्क्यू टीमों को मंजूरी दी, पहले मना किया था

काठमांडू, एजेंसीः नेपाल सरकार ने भोटेकोशी बाढ़ के बाद विदेशी विशेषज्ञों की मदद लेने की मंजूरी दे दी है। सरकार ने पहले अंतरराष्ट्रीय रेस्क्यू टीमों को अनुमति देने से इनकार किया था, लेकिन लापता विदेशी नागरिकों को लेकर बढ़ते दबाव के बाद अब सीमित मदद स्वीकार की गई है। भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया की विशेषज्ञ टीमें टनल रेस्क्यू और फोरेंसिक जांच में मदद करेंगी। नेपाल में जांच की क्षमता सीमित है। रसुवा और नुवाकोट के 14 हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। कई प्रोजेक्ट की सुरंगों में कर्मचारी फंसे हैं या उनसे संपर्क नहीं हो पाया है। विदेशी विशेषज्ञ इन लोगों को निकालने में मदद करेंगे।

ग्लेशियर टूटने के बाद आई भीषण बाढ़ से नेपाल में 600 और तिब्बत में पांच लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। दोनों देशों में 2000 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। नेपाल में बाढ़ से सड़क, पुल, मकान और जलविद्युत परियोजनाओं को भारी नुकसान पहुंचा है। राहत और बचाव दल प्रभावित क्षेत्रों में लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं।

नेपाल सरकार के अनुसार राहत और बचाव अभियान में 13,295 सुरक्षाकर्मी लगाए गए हैं। इनमें नेपाल पुलिस के 7,250, नेपाली सेना के 4,200 और सशस्त्र पुलिस बल के 1,845 जवान शामिल हैं। अब तक 3,253 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। नेपाली सेना हेलिकॉप्टरों के जरिए ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों और सुरंगों में फंसे लोगों को निकालने, प्रभावित गांवों को खाली कराने तथा मलबे में तलाशी अभियान चलाने में जुटी है। रसुवा जलविद्युत परियोजना की सुरंग से दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। नेपाल सरकार ने बताया कि 537 विदेशी नागरिक अब भी लापता हैं।

विदिशा की इंजीनियर लापता

मप्र के विदिशा निवासी और कनाडा के टोरंटो में रह रहीं इंजीनियर स्वाती बागरेचा कैलाश मानसरोवर यात्रा के दौरान चीन-तिब्बत सीमा के पास लापता हो गईं। 26 अगस्त सुबह से उनका परिवार से संपर्क टूटा है। मोबाइल पर घंटी जा रही है, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हो रही। परिजनों ने तलाश के लिए मदद मांगी है।

भाजपा नेता की बेटी सहित 80 लोगों का पता नहीं चला

छत्तीसगढ़ अंबिकापुर के सीनियर भाजपा नेता करता राम गुप्ता की बेटी डॉ. मीना गुप्ता लापता हो गई हैं। हादसे के समय वह अपनी टीम के साथ नेपाल-तिब्बत सीमा स्थित इमीग्रेशन सेंटर में थीं। डॉ. मीना के साथ उनके दल के सभी 80 लोग भी लापता बताए जा रहे हैं। यह दल कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गया था।

चीन में 400 भारतीय फंसे : नेपाल में भीषण बाढ़ के बाद चीन की तरफ करीब 400 भारतीय नागरिक फंसे हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इन सभी से संपर्क हो चुका है और सभी सुरक्षित हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के मुताबिक, भारतीय दूतावास बीजिंग में फंसे भारतीयों, उनके ट्रैवल एजेंट और ग्रुप लीडर्स के संपर्क में है।

320 भारतीय लापता : बाढ़ के बाद 320 भारतीय नागरिकों से संपर्क नहीं हो पा रहा है या वे लापता हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि करीब 100 भारतीय मूल के लोग भी संपर्क से बाहर हैं। इनमें ऐसे लोग शामिल हो सकते हैं, जो कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए थे, लेकिन किसी दूसरे देश के नागरिक हैं।

70 डॉक्टरों की टीम का पता नहीं : हरियाणा के भिवानी की डॉक्टर प्रियंका चौधरी भी लापता हो गई। वे फिनलैंड के 70 डॉक्टरों की टीम के साथ नेपाल घूमने के लिए आई थी। 13 दिन के टूर के बाद उन्हें 26 अगस्त को लौटना था, लेकिन वे बाढ़ की चपेट में आ गए। सभी लापता हैं।

स्नेह, सद्भाव और समृद्धि का प्रतीक है रक्षाबंधनः मोदी

लोक कल्याण मार्ग पर मनाया रक्षा बंधन उत्सव

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7, लोक कल्याण मार्ग पर आयोजित रक्षा बंधन समारोह की यादगार झलकियां साझा कीं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए देशवासियों को त्यौहार की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा बंधन का त्योहार लोगों के बीच स्नेह और सद्भाव के बंधन को और मजबूत करे। उन्होंने कामना की कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और आनंद लेकर आए। लोक कल्याण मार्ग पर आयोजित समारोह में उत्साह, मुस्कान और खुशी के कई पल देखने को मिले। प्रधानमंत्री ने समारोह से जुड़े अनुभवों को साझा करते हुए त्योहार की भावना को रेखांकित किया। रक्षा बंधन भाई-बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक माना जाता है।

सीएम को ब्रह्मकुमारी बहनों ने बांधे रक्षा सूत्र

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय प्रजापिता विश्वविद्यालय से जुड़ी बहनों ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर राखी बांधी। मुख्यमंत्री को आशीर्वाद स्वरूप ब्रह्मकुमारी बहनों ने एक स्लोगन कार्ड दिया जिसमें कहा गया है कि 'आप समर्थ संकल्पों के माध्यम से व्यर्थ के विषयों को समाप्त करने वाली श्रेष्ठ आत्मा हैं।' मुख्यमंत्री को माउंट आबू स्थित ब्रह्मकुमारी संस्था के मुख्यालय में 18 से 20 सितंबर तक होने वाली माइंड बॉडी मेडिसिन संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने का आमंत्रण भी दिया गया। यह संगोष्ठी ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा ग्लोबल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित की जा रही है।

खास-खबरें

महिला इन्फ्लुएंसर की अपहरण के बाद हत्या

नईदुनिया ब्यूरो, चंडीगढ़ः चंडीगढ़ से एक पंजाबी महिला इन्फ्लुएंसर के अपहरण और हत्या का मामला सामने आया है। दो युवकों ने उसे मिलने के बहाने बुलाया और जबरन कार में डालकर मोरिंडा की ओर ले गए। रास्ते में उन्होंने कथित तौर पर मनजीत कौर की पिटाई की और बाद में उसे शहतूत के पेड़ से बांधकर जला दिया। एक परिचित ने कंबल की मदद से आग बुझाई और मनजीत को मोरिंडा के अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत में उसे मोहाली और फिर चंडीगढ़ स्थित पीजीआई में भर्ती कराया।

सोनिया की किताब भारत में प्रकाशित नहीं

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली : कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की संस्मरण किताब 'बिलॉन्गिंग : अ जर्नी ऑफ लव' को लेकर चल रहे विवाद पर पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया ने सफाई दी है। कंपनी ने कहा कि वह इस किताब को भारत में प्रकाशित नहीं करेगी। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि यह कहना सही नहीं है कि लेखक के संपादकीय बदलावों से इनकार करने के बाद उसने प्रकाशन से कदम पीछे खींचे। इससे पहले किताब के कुछ हिस्सों में बदलाव और हटाने की मांग की खबरें सामने आई थीं।

कर्नाटक के मंत्री का दूसरी बार इस्तीफा

नईदुनिया ब्यूरो, बेंगलुरु : कर्नाटक में कांग्रेस नेता बी. नागेंद्र ने मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया। वह दो साल में दूसरी बार मंत्री पद से हटे हैं। उन पर वाल्मीकि निगम मामले को लेकर दबाव बढ़ रहा था, जो 89 करोड़ रुपये की कथित अनियमितताओं से जुड़ा है। नागेंद्र अगस्त की शुरुआत में मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के नेतृत्व वाली सरकार में दोबारा मंत्री बनाए गए थे। इससे पहले वर्ष 2024 में सिद्धारमैया सरकार में मंत्री रहते हुए उन्होंने विवाद के बाद इस्तीफा दिया था।

पीएम की अपील के बाद 97 प्रतिशत केंद्रीय मंत्री इंस्टाग्राम पर सक्रिय

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद केंद्रीय मंत्रियों की इंस्टाग्राम पर सक्रियता बढ़ी है। 24 जुलाई 2026 को हुई कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री ने मंत्रियों से इंस्टाग्राम पर अधिक सक्रिय रहने, रील बनाने और युवाओं से संवाद बढ़ाने को कहा था। इसके बाद 24 अगस्त तक 29 में से 28 यानी 97 प्रतिशत कैबिनेट मंत्रियों की इंस्टाग्राम गतिविधियों में वृद्धि हुई। केवल जनता दल यूनाइटेड के राजीव रंजन सिंह की सक्रियता में बढ़ोतरी नहीं हुई।



पिछले एक महीने में गृह मंत्री अमित शाह के इंस्टाग्राम फॉलोअर्स में सबसे अधिक वृद्धि हुई। उनके फॉलोअर्स की संख्या में 8.53 लाख का इजाफा हुआ है। प्रधानमंत्री की सलाह के बाद मंत्रियों ने रील्स के माध्यम से नीतियों और महत्वपूर्ण मुद्दों को लोगों तक पहुंचाने पर भी जोर दिया। इस अवधि में मंत्रियों ने कुल 1,179 पोस्ट किए, जो पहले की तुलना में 48 प्रतिशत अधिक हैं। सरकार युवाओं और विशेष रूप से जेन-जेड से सीधे संवाद बढ़ाने की दिशा में भी काम कर रही है। इसके लिए 'वन डे, वन यूनिवर्सिटी' कार्यक्रम की योजना बनाई गई है। इसके तहत प्रतिदिन एक केंद्रीय मंत्री किसी विश्वविद्यालय का दौरा कर छात्रों से उनकी चिंताओं, देश से जुड़े मुद्दों और विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। मंत्री छात्रों की राय सुनने के साथ युवाओं के लिए संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी भी देंगे।

लैंडिंग के दौरान विमान का टायर फटा

दिल्ली से आए 37 यात्री और चार क्रू सदस्य सुरक्षित, प्रयागराज की उड़ान को किया रद्द

नईदुनिया ब्यूरो, बिलासपुरः छत्तीसगढ़ के बिलासपुर एयरपोर्ट पर शुक्रवार दोपहर लैंडिंग के दौरान अलायंस एयर की उड़ान का टायर फट गया। दिल्ली से बिलासपुर पहुंची उड़ान संख्या 9आई613 (वीटी-यूडीए) की सुरक्षित लैंडिंग करा ली गई। विमान में सवार सभी 37 यात्री और चार क्रू सदस्य सुरक्षित हैं।

एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार, विमान के बाईं ओर का टायर पंचर हुआ था। हादसे के बाद विमान को सुरक्षित तरीके से उतार लिया गया। इसी विमान को बिलासपुर से प्रयागराज के लिए रवाना होना था, लेकिन घटना के कारण एयरपोर्ट प्रबंधन ने प्रयागराज की उड़ान रद्द कर दी। विमान के टायर में खराबी आने के बाद एयरपोर्ट पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई। हादसे में किसी यात्री या क्रू सदस्य के घायल होने की सूचना नहीं है। दिल्ली से बिलासपुर पहुंची उड़ान के सभी यात्रियों को सुरक्षित बताया गया है।

दिल्ली के दंपती पर पाकिस्तान के लिए जासूसी करने का गंभीर आरोप

▸▸ दुबई के रास्ते पाकिस्तान भेजे आठ भारतीय सिम, दो साल से पाक हैंडलर के संपर्क में थे

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः दिल्ली पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े कथित जासूसी नेटवर्क का खुलासा करते हुए एक दंपती को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, साहिल (25) और उसकी पत्नी समीरा (21) वर्ष 2024 से पाकिस्तान में बैठे खुफिया अधिकारियों के संपर्क में थे। दोनों पर संवेदनशील जानकारी जुटाने, भारतीय सिम कार्ड पाकिस्तान भेजने और अन्य लोगों को जासूसी के लिए तैयार करने में मदद करने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार, दंपती ने 2024 से 2025 के बीच आठ भारतीय सिम कार्ड हासिल किए और उन्हें दुबई के रास्ते पाकिस्तान भेजा। इसके बदले पाकिस्तानी

हैंडलर ने उन्हें 30 हजार रुपये दिए। इन सिम से पाकिस्तान में वाट्सऐप खाते सक्रिय किए गए, जिनके माध्यम से भारत में लोगों से संपर्क करने और संवेदनशील जानकारी जुटाने की कोशिश की गई। जांच में दिल्ली से कराची और इस्लामाबाद तक नेटवर्क के तार जुड़े होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस का आरोप है कि साहिल को विभिन्न क्षेत्रों के छावनी इलाकों की रेकी करने और जासूसी तथा मैदानी अभियान के लिए लोगों की भर्ती करने की जिम्मेदारी दी गई थी।

उसने कथित तौर पर सेना के जवानों से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध कराई।

लुधियाना में भी पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

लुधियाना : लुधियाना में पुलिस ने 22 वर्षीय दुकानदार को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी बाजार में जूतों की दुकान चलाता था और दुकान की आड़ में शहर की गतिविधियों की जानकारी पाकिस्तान भेजता था। जांच में सामने आया कि दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड भी पाकिस्तानी एजेंसियों तक पहुंचाई जा रही थी। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई कर उसे पकड़ा। आरोपी पर अलग-अलग मोबाइल नंबरों से धमकियां देने का भी आरोप है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रक्षा सौदा *कंधे से दागी जा सकेगी मिसाइल, फायर एंड फॉरगेट तकनीक से खुद लक्ष्य को करेगी ट्रैक...*

भारतीय सेना खरीदेगी अमेरिकी जैवलिन एंटी-टैंक मिसाइल

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः भारतीय सेना अमेरिका से जैवलिन एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम खरीदने की तैयारी कर रही है। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय सेना की ओर से खरीद के लिए लेटर ऑफ ऑफर एंड एक्सेप्टेंस (एलओए) पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। हालांकि, सौदे की अंतिम कीमत और कुल संख्या की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। जैवलिन एक मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल सिस्टम है, जिसे सैनिक कंधे से लॉन्च कर सकते हैं।

इसे बख्तरबंद वाहनों और टैंकों जैसे लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए विकसित किया गया है। इसकी अधिकतम प्रभावी मारक क्षमता करीब चार किलोमीटर बताई जाती है।

जैवलिन एफजीएम-148 प्रणाली को लॉकहीड मार्टिन और रेथियॉन के संयुक्त उपक्रम जैवलिन ज्वाइंट वेंचर ने विकसित किया है। इसकी प्रमुख विशेषता फायर एंड फॉरगेट तकनीक है। इसमें इन्फ्रारेड सीकर लगा होता है, जो लक्ष्य की पहचान और ट्रैकिंग में मदद करता है। मिसाइल दागे जाने के बाद ऑपरेटर को उसे लगातार नियंत्रित करने की आवश्यकता नहीं होती और यह स्वयं लक्ष्य तक पहुंचती है।

जैवलिन दिन और रात के साथ विभिन्न मौसम परिस्थितियों में लक्ष्य को ट्रैक कर सकती है। इसमें टॉप-अटैक मोड की सुविधा है, जिसमें मिसाइल लक्ष्य के ऊपर से हमला करती है। इसके अलावा आवश्यकता के अनुसार डायरेक्ट-अटैक मोड का भी इस्तेमाल किया जा सकता है अमेरिकी दस्तावेजों के अनुसार, भारत ने 100 एफजीएम-148 जैवलिन मिसाइल राउंड, एक फ्लाई-टू-बाय मिसाइल और 25 लाइटवेट कमांड लॉन्च यूनिट या ब्लॉक-1 कमांड लॉन्च यूनिट की मांग की थी। अंतिम समझौते में कितनी मिसाइल और प्रणालियां शामिल होंगी, इसकी जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है।

किन्नर कल्याण बोर्ड भंग, फिर से होगा गठन

नईदुनिया ब्यूरो, पटनाः बिहार सरकार ने राज्य किन्नर कल्याण बोर्ड को भंग कर दिया है। समाज कल्याण विभाग ने शुक्रवार को इसकी अधिसूचना जारी की। इसके साथ ही बोर्ड में मनोनीत और सरकारी सदस्यों की सदस्यता समाप्त कर दी गई है। सरकार अब केंद्र के नए कानून के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड का पुनर्गठन करेगी। बोर्ड के अध्यक्ष समाज कल्याण विभाग के मंत्री थे। इसके अलावा राजन सिंह, अनुप्रिया सिंह, शांति नायक उर्फ सुरेश हिजड़ा, संतोष कुमार, अद्विका चौधरी और साजन कुमार सदस्य थे। बिहार किन्नर कल्याण बोर्ड पिछले कुछ समय से पटना में मोदी का मंदिर बनाने की मांग को लेकर चर्चा में था। बोर्ड के सदस्यों ने दिल्ली में मोदी चालीसा का पाठ भी किया था।